**दिनांक : 02 /09/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**<u>प्रात:कालीन समाचार</u>**

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर में प्रदेश स्तरीय बलराम जयंती महोत्सव में शामिल होंगे।
- प्रदेश कैबिनेट ने आरजीपीवी के पुनर्गठन के साथ तीन नए प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी।
- इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में शेरनी सुंदरी ने दो शावकों को जन्म दिया, मां और दोनों शावक स्वस्थ।

\

प्रधानमंत्री- जल शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय के विभागीय शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। यह शिखर सम्मेलन केंद्र और राज्यों को एक साथ लाकर महत्वपूर्ण क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श करेगा और समयबद्ध कार्य योजनाएं विकसित करेगा। शिखर सम्मेलन चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जल अवसंरचना परियोजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन; जल संचय जन भागीदारी- कैच द रेन; पेयजल प्रणालियों के स्रोतों की स्थिरता; तथा जल जीवन मिशन 2.0 शामिल हैं।

बलराम जयंती महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर के मेला मैदान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बलराम जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्योपुर में आयोजित बलराम महोत्सव को वर्चुअली संबोधित भी करेंगे। ग्वालियर में मुख्यमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल और कृषक कवच योजना का शुभारंभ करेंगे। साथ ही 200 नवीन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के कार्यालयों का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट किसानों, जिला सहकारी बैंकों और पैक्स संस्थाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री आकाशवाणी तिराहे के पास पूर्व विधायक स्वर्गीय रघुवीर सिंह बाबूजी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री कृषि योजना- शिवराज सिंह चौहान

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में आयोजित एक बैठक में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा की। बैठक में चिन्हित 100 जिलों में योजना में तेजी लाने, योजनाओं के बीच समन्वय को मजबूत करने और किसानों के लिए जिला स्तरीय प्रदर्शन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया।यह योजना छह प्रमुख उद्देश्यों पर केंद्रित हैरू कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई अवसंरचना में सुधार करना, अल्पकालिक और दीर्घकालिक कृषि ऋण तक अधिक पहुंच को सक्षम बनाना और शासन एवं सेवा वितरण में सुधार करना शामिल है।

चीनी भंडार

सरकार ने चीनी व्यापारियों के लिए भंडार रखने की सीमा चार हजार क्विंटल से घटाकर दो हजार क्विंटल कर दी है। यह नियम इस महीने की 15 तारीख से इस वर्ष 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगा। नई भंडार सीमा का उद्देश्य जमाखोरी पर अंकुश लगाना, पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करके उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और कीमतों में स्थिरता लाना है। संशोधित प्रावधानों के तहत, कोई भी चीनी व्यापारी किसी भी भंडार को प्राप्ति की तारीख से 30 दिनों से अधिक समय तक नहीं रख सकता है। चीनी व्यापारी देश भर में किसी भी समय और किसी भी स्थान पर दो हजार क्विंटल से अधिक चीनी का भंडार नहीं रख सकता है।

चित्रकूट बाढ़-अलर्ट

सतना जिले में लगातार बारिश से मंदाकिनी, टमस और सेमरावल सहित कई नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी कर राहत और बचाव दलों को सक्रिय किया है। चित्रकूट के प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी बचाव कार्य में जुटी हैं। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार ने लोगों से नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

मंत्रि-परिषद बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में करीब 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की जानकारी कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि आरजीपीवी का पुनर्गठन कर भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में तीन नए प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय बनाए जाएंगे। वहीं सामाजिक न्याय विभाग में नवगठित जिलों के लिए नए पदों को भी मंजूरी दी गई। किसानों के हित में ग्रीष्मकालीन मूंग के उपार्जन की सीमा 25 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत की गई है।

कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय-शावक

वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक सुखद खबर है। इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में शेरनी सुंदरी ने दो शावकों को जन्म दिया है। जू प्रबंधन के अनुसार दोनों शावक और उनकी मां स्वस्थ हैं और फिलहाल गुफा में सुंदरी के साथ हैं। शावकों का अभी लिंग परीक्षण नहीं किया गया है। इनके जन्म के बाद जू में शेरों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। जू प्रबंधन शावकों के स्वास्थ्य और गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहा है। पूरी तरह स्वस्थ होने और विकास की पुष्टि के बाद ही उन्हें दर्शकों के सामने लाया जाएगा।

खिलाड़ी सम्मानित

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भोपाल में आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज की ओर से एजीयू स्पोर्ट्स अचीवर्स अवार्ड 2025-26 समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 148 खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व हॉकी खिलाड़ी अशोक कुमार सिंह ने आयोजन के बारे में जानकारी दी।

वंदे मातरम्-भोपाल, विश्व रिकॉर्ड

भोपाल में वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के अवसर पर कल तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए गए। डीबी सिटी मॉल में आयोजित कार्यक्रम में 43 अलग-अलग वाद्य यंत्रों के साथ वंदे मातरम् की थीम पर संगीत प्रस्तुति दी गई। वहीं 200 से अधिक विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन किया और 150 से अधिक छात्राओं ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजकों के अनुसार इन तीनों उपलब्धियों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। आयोजन का उद्देश्य वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को नई पीढ़ी से जोड़ना था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- मंडला जिले में कल शाम से वर्षा का दौर जारी है। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हो रही है। लगातार हो रही वर्षा के कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई है।
- नर्मदापुरम कलेक्टर ने कल आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुन निराकरण के निर्देश दिए।
- जबलपुर-भोपाल मार्ग का शहपुरा (भिटौनी) टोल अस्थायी रूप से बंद रहेगा। फ्लाईओवर ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने और लगातार हो रहे विरोध के बीच यह निर्णय लिया है।
- खंडवा में कल जेसीआई द्वारा 'माटी के श्री गणेश' कार्यशाला का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।
- आगरमालवा कलेक्टर डॉ. शेरसिंह मीना ने कल जिले के हाइवे और मुख्य मार्गों के गांवों में संचालित गौशालाओं के संचालकों की बैठक ली।
- पन्ना में भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई और किसानों के देवता बलदाऊ जन्मोत्सव आज मनाया जायेगा।
- अशोकनगर जिले में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर एक दिवसीय श्री कृष्ण पर्व गरिमा अनुरूप मनाया जाएगा।धार्मिक तथा पौराणिक मान्यताओ को दृष्टिगत रखते हुए मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे।
- झाबुआ में कल  साप्ताहिक जनसुनवाई के साथ स्वरोजगार दिवस का आयोजन किया गया।
- सेंट्रल जेल इंदौर में आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 253 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

-------------